हिन्दी विभाग

सांस्कृतिक कार्यक्रम –सह– स्वागत समारोह 25 अगस्त 2023

दिनांक 25 अगस्त को शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया के हिन्दी विभाग में एम ए हिन्दी प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशित छात्रों का आत्मीय स्वागत किया गया। तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने फूलों तथा रोली से तिलक लगाकर शिक्षक समेत प्रथम सेमेस्टर के एक निश्चित वेशभूषा में सुसज्जित छात्र व छात्राओं का स्वागत किया। विभागाध्यक्ष डॉ0 रमेश टण्डन, प्रो0 जयराम कुर्रे, प्रो0 दिनेश संजय तथा डॉ0 आकांक्षा मिश्रा के उद्‌बोधन उपरान्त छत्तीसगढ़ की लोक कला पर आधारित एकल लोक नृत्य की प्रस्तुति का दौर चला। गीत 'नैना निहारे' पर तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रजनी महंत ने अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन करते हुए खूब तालियाँ बटोरी। शकुन्तला ने 'ऐ रंग रसिया' गीत पर बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया। प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कविता चन्द्रा ने रजनी और छाया महंत के साथ 'हवा–हवाई' पर जमकर वाहवाही लुटी। मीना बंजारा ने 'सोनी दे लक' पर नृत्य करके छात्रों में नई स्फूर्ति पैदा कर दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में बहुमुखी प्रतिभा की धनी कवयित्री यामिनी राठौर ने 'आज मैं ऊपर आसमान नीचे' गीत पर अभिनयपूर्ण बेहतरीन नृत्य कर सभी के दिल–दिमाग पर छा गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरान्त मोमबत्ती प्रज्वलित करने संबंधी खेल में बिंदिया रानी खूँटे ने प्रथम स्थान और मुकेश कुमार राठिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रोचक खेल 'साड़ी पहन और चल' खेलते हुए कम समय में अमनराज ने प्रथम और चक्रधर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के रूप में खेल के साथ संगीतमय नृत्य का आनन्द सभी ने तब उठाया, जब प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के द्वारा 'युगल पेपर नृत्य' की प्रस्तुति हुई। इसमें शशिकला और चन्द्रकान्ति ने अंतिम तक डटकर प्रथम स्थान हासिल किया, अमनराज और दामोदर ने द्वितीय स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त संगीतमय प्रचलित खेल भी हुआ, जिसमें छात्रों ने गुब्बारे एक–दूसरे को देते गए और गाना बंद होने पर गुब्बारा जिसके पास मिला, उसे निर्देश के अनुसार नृत्य, गीत, अभिनय आदि करना हुआ। यह खेल बहुत ही रोचक रहा और सभी ने इसका आनन्द लिया। सम्पूर्ण कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए यामिनी राठौर को प्रिंसेस और अमन राज को प्रिंस चुना गया, जिन्हें शिक्षकों ने सम्मानित किया। सभी शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी लेखनी और गुलदस्ते से सम्मानित किया गया।

रोहित कुमार चन्द्रा, भूपेन्द्र राठिया, छाया राठौर, राजेश्वरी, रजनी महंत, सुनिता मिरी, शशिकला महंत, मीना बंजारा, बिन्दिया रानी, चन्द्रकान्ति, डिगेश्वरी दर्शन, नेहा भारती, लकेश्वरी वैष्णव, चम्पा सिदार, जयंती डनसेना, कविता चन्द्रा, यामिनी राठौर, श्रेया सागर, बुबुन घृतलहरे, चक्रधर राठिया, दामोदर प्रसाद, मुकेश कुमार राठिया, अमन, जितेन्द्र कुमार, लीलाधर राठिया, जयप्रकाश, टिकेश टण्डन, रोशन, पंकज डनसेना, शकुन्तला राठिया, गणेशी राठिया, द्रोपती राठिया, गिरजा राठिया, अम्बिका राठिया, छाया कुमारी डनसेना, हेमलता सिदार, अनिषा घृतलहरे, निशा, अर्चना राठौर, हेमलता, देविका राठिया, रूखमणी राठिया व मनीषा डनसेना आदि ने स्वागत समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूरे मन से हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। अविस्मरणीय व बेहतरीन कार्यक्रम के लिए विभागीय शिक्षकों ने आयोजक छात्र–छात्राओं को बधाई दी। छाया राठौर ने मंच संचालन किया।

स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग
मंचासीन अतिथियों एवं वक्ताओं का स्वागत

स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग